# आ गया तेरे दर पे बाबा अब ना खाली जाऊँगा लिरिक्स

आ गया तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा,
जो मैं खाली लौट गया तो,
जो मैं खाली लौट गया तो,
क्या मैं मुंह दिखलाऊंगा,
आ गयां तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा।bd।

तर्ज – मैं हूँ तेरा नौकर बाबा।

---

कहते हैं मुझे लोग तू बाबा,
लखदातार कहता है,
सुनता है तू सबकी अर्ज़ी,
जो तेरे दर आता है,
मेरी बात तू रखना बाबा,
मुझपे किरपा कर देना,
आ गयां तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा।bd।

---

जो मैं खाली लौट गया तो,
दुनिया ताने मारेगी,
लोग हँसेंगे लोग कहेंगे,
क्या तेरी दातारी है,
गर तू बाबा ना देगा तो,
बोल कहाँ मैं जाऊँगा,
आ गयां तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा।bd।

---

मुझको ये विश्वास है बाबा,
मेरी झोली भर दोगे,
मान रखोगे इस प्रेमी का,
मुझपे कृपा कर दोगे,
लीले चढ़ के बाबा आओ,
मुझको गले लगा लो ना,
आ गयां तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आ गया तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा,
जो मैं खाली लौट गया तो,
जो मैं खाली लौट गया तो,
क्या मैं मुंह दिखलाऊंगा,
आ गयां तेरे दर पे बाबा,
अब ना खाली जाऊँगा।bd।

**Singer & Writer – N.P. Choudhary**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com